an>

Title: Regarding alleged rape of a dumb girl in Nawa District and providing compensation to the victims

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : महोदय, बिहार में हमारे संसदीय क्षेत्र नावा नगर थाना के अंतर्गत विगत दिनों एक महादलित गरीब परिवार, शिव जी, पासी के चौदह वÂ◌ा◌ावय गुंगी बच्ची के साथ छठ प्रसाद संदेश के रूप में बांटने के क्रम में, इसराफिल उर्फ राजू ने उसे अपने घर में जबर्दस्ती ले जाकर, उसके साथ दुÂकर्म किया। दुÂकर्म के बाद वह लगातार चौकी के नीचे बेहोश पड़ी रही, उसके मुंह से फेन निकल रहा था। मोहल्ले वाले ने खोज कर उस पीड़िता को निकाला और आम जनता ने मिल कर राजू को थाने में सुपुर्द किया। आज 12 दिन हो गये हैं, लेकिन आज तक उस बच्ची का सघन इलाज प्रशासन और सरकार ने नहीं किया है। यह घोर आश्चर्य की बात है। मैं स्वयं जांच टीम के साथ गया था। आज उस घटना का बारहवां दिन है, वहां धरना-प्रदर्शन, स्वतः बाजार बंद हो रहे हैं, वहां लगातार आंदोलन चल रहे हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार द्वारा इस घटना को झूठलाने का प्रयास किया जा रहा है। मैंने कल इस आशय का महामहिम राज्यपाल जी को भी ज्ञापन सौंपा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि इस घटना का विशेÂ◌ा मेडिकल टीम द्वारा जांच करायी जाये तथा पीड़िता की सघन चिकित्सा-व्यवस्था की जाये जिससे उसकी जान बच सके। साथ ही, पीड़िता को 25 लाख रुपये मुआवजा के तौर पर भुगतान करने एवं उसे इंदिरा आवास के तहत भवन निर्माण कराया जाये। इस घटना को दबाने वाले पदाधिकारियों को चिन्हित कर दंडित करने तथा दुÂकर्म करने वाले अपराधी को कठोर सजा दी जाये। इसके साथ ही पीड़िता का साथ देने वाले लोगों के ऊपर से असत्य मुकदमा वापस लिया जाये।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Ashwini Kumar Choubey.